हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 21 जून 2024

04 नपाध्यक्ष ने पार्षदों के साथ किया निरीक्षण





## कलेक्टर की अध्यक्षता वाली जिला समिति ने शराब ठेकेदार रिद्धि स्वास्तिक ट्रेडर्स का ठेका निरस्त करने की अनुशंसा की

### जिलेभर के ठेके मिलने के बाद मचा दी थी लूट, मनमाने दामों पर शराब बेचने की कई शिकायतें मिलीं थीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा


कलेक्टर की अध्यक्षता वाली जिला समिति ने शराब ठेकेदार रिद्धि स्वास्तिक ट्रेडर्स का ठेका निरस्त करने की अनुशंसा कर दी है। शराब ठेकेदार रिद्धि स्वास्तिक ट्रेडर्स को जिलेभर के शराब ठेके मिलने के बाद शराब ठेकेदार ने मनमाने दामों पर शराब बेचकर लूट मचा रखी है। ठेकेदार की एक नहीं कई शिकायतें सामने आईं। कलेक्टर ने जब जिलेभर में एक साथ जांच कराई तो दर्जनों शिकायतें सही पाई गईं। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य के निर्देश पर जब आबकारी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने ग्राहक बनकर जांच की तो वे भी हैरान रह गई। शराब दुकानों पर नियमों की धज्जियां तो उड़ाई ही जा रहीं थीं, साथ ही लोगों को मनमाने दामों पर शराब बेचकर अवैध तरीके से लाखों रुपए रोज छापे जा रहे थे। जिस पर कलेक्टर ने सख्ती से कार्रवाई की है। इतना ही नहीं जिस ब्रांड की शराब आबकारी के डिपो से दी ही नहीं गई उस ब्रांड की शराब तक दुकानों पर रखकर ठेकेदार ने बिकवा दी।

#### कलेक्टर ने की है अनुशंसा

ठेकेदार की शिकायतें मिल रहीं थी। मनमाने दामों पर शराब बेचना, तय समय के बाद भी दुकानें खुली रखना सहित अन्य शिकायतों की जांच की गई। जिसमें शिकायतें सही पाई गईं। जांच की संपूर्ण जानकारी से कलेक्टर को अवगत कराया गया। जिसके बाद जिला समिति की बैठक में कलेक्टर महोदय द्वारा ठेका निरस्त करने की अनुशंसा की गई है।
- **विनय रंगशाही**, जिला आबकारी अधिकारी विदिशा।

















नर्सरी टीचर ट्रेनिंग (NTT)
योगा टीचर ट्रेनिंग (YTT), ई.सी.सी.ई (ECCE)



Eligibility - (Age 17-42)
12th pass from any board.
Special batches available on Saturday and Sunday.

MONITORING, ASSESSMENT & CERTIFICATION BY
MSME TECHNOLOGY DEVELOPMENT CENTRE
An Organisation Under Ministry of MSME
GOVERNMENT OF INDIA

मध्य प्रदेश में NCFSE के विभिन्न केन्द्रों में फरवरी 2024 से शुरू होने वाले नर्सरी टीचर ट्रेनिंग (1 वर्ष), एडवांस्ड नर्सरी टीचर ट्रेनिंग (2 वर्ष), ई.सी.सी.ई (1 वर्ष), योग टीचर ट्रेनिंग (1 वर्ष) आदि शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 12 वी व अधिक पास युवक / युवतियों को दाखिले के लिए आमंत्रित किया जाता है | इन पाठ्यक्रमो की Monitoring, Assessment and Certification MSME - TDC (An Organisation Under Ministry of MSME, Govt. of India) द्वारा की जाएगी | आने वाले समय में भारत के सभी पूर्व विद्यालयों, किंडरगार्टन, क्रेंच मेंहज़ारो भर्ती आने की संभावना है| नर्सरी टीचर ट्रेनिंग (1 और 2 वर्ष), ई.सी.सी.ई पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पास करने के बाद, उम्मेदवार Nursery Teacher, Pre-Primary Teacher, Nursery Co-ordinator और Home Tutor के रूप में काम कर सकते है और अपना प्री-प्राइमरी स्कूल भी खोल सकते हैं | योग शिक्षक प्रशिक्षण कोर्स करके उम्मीदवार Yoga Trainer, Yoga Advisor Specialist बन सकते हैं | SC / ST / BPL Category के अभियार्थियो को फीस में छूट दी जाएगी|

TRAINING PROGRAMMES FOR THE ACADEMIC SESSION 2024-25

| S.No. | Training Programme | Eligibility | Duration | Age |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Nursery Teacher Training | 12th & Above | 1&2 Years | 17-42 |
| 2. | Early Child Care & Education | Eligibility | 1 Year | 17-42 |
| 3. | Yoga Teacher Training | Eligibility | 1 Year | 17-42 |

प्रवेश प्रक्रिया : नीचे दिए गए प्रशिक्षण केंद्र में दाखिले के लिए प्रक्रिया शुरू हो चुकी है | इच्छुक आवेदक अपनी अभिभावक के साथ अपना प्रमाण पत्र व आधार कार्ड की कॉपी के साथ प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते है | अभियार्थियो से प्रशिक्षण शुल्क मासिक किश्त भुगतान द्वारा लिया जाएगा |

TRAINING AGENCY : NCFSE GROUP OF INSTITUTIONS

Contact Us: 9981253612

Hurry Up! Admission Open Now!

Centre Name: Magadham International School
Vitthal Nagar, Vidisha (M.P.) 464001



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2950
उच्चतम भाव-3800
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2499
उच्चतम भाव-2870
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2490
उच्चतम भाव- 2542
चना
न्यूनतम भाव- 3400
उच्चतम भाव- 6725
मसूर
न्यूनतम भाव-3700
उच्चतम भाव-6480
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-4990
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-5030
उच्चतम भाव-5930
सरसों
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-6120
उड़द
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-8100
मूंग
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव-7840
धान
न्यूनतम भाव-1900
उच्चतम भाव-3150
अलसी
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-5500
बटरी
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-6380
धनिया
न्यूनतम भाव-4900
उच्चतम भाव-5900
ज्वार
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-2600

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 17902 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**गंजबासौदा।** गुरुवार को प्लेटफार्म क्रमांक एक पर खंभा नंबर 926/36 के पास 45 वर्षीय अज्ञात महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। जीआरपी चौकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला गेहुआ रंग की है, जो मेहरून कलर की साड़ी पहने हुए है।

# नपाध्यक्ष ने पार्षदों के साथ किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव सहित सभी पार्षदगणों के साथ नगर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया एवं संबंधित ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सभी लोग पहले पलोड़ पेट्रोल पंप के पास चल रहे पाराशरी गहरीकरण कार्य को देखने पहुंचे। जहां सभी ने पाराशरी के गहरीकरण कार्य को बारीकी से देखा और दोनों और बनने वाली बाउंड्री वॉल सहित अन्य तकनीकी जानकारी को इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव के माध्यम से जाना। इस मौके पर पार्षद मूलचंद अहिरवार, नारायण सोनी, संजय भावसार, अंशलेखा रोहित भावसार, धर्मेंद्र कुशवाहा, सरदार अहिरवार आदि मौजूद रहे। निरीक्षण के पश्चात सभी आदित्य परिसर से बनने वाले नाला निर्माण पर पहुंचे। जहां नाला और उसके दोनों ओर की दीवार की लंबाई चौड़ाई और नाले की गहराई देख सभी ने संतुष्टि जाहिर की। नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने बेदनखेड़ी में बनने वाले पुल को शीघ्र अति शीघ्र आवागमन के लिए चालू करवाए जाने की व्यवस्था करने के निर्देश नपा कर्मियों को दिए। सीएमओ जयंत वर्मा ने बताया कि हमारा प्रयास रहेगा की बरसात से पहले अधिकतर निर्माण कार्य पूरे कर लिए जाएं ताकि कोई समस्या ना हो। इस मौके पर तोमर गार्डन के सामने पाराशरी नदी पर बनने वाले पुल को भी जल्द चालू किए जाने की चर्चा की गई। जिस पर ठेकेदार नरेश शर्मा ने बताया कि यह पुल भी जल्द से जल्द चालू कर दिया जाएगा।

# मजदूरों से भरी 407 पलटी 17 घायल, एक बच्ची की मौत

**गंजबासौदा।** गुरुवार को रात्रि के लगभग 3 बजे बासौदा सिरोंज मार्ग पर बने गंज मोड़ पर मजदूरों से भरी टाटा 407 क्रमांक एमपी 04जेड डब्लू6721 अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में 8 वर्ष की बच्ची किरण की मौत हो गई, वहीं 17 मजदूर घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय में भर्ती कराया गया। घायल मजदूर रोशन सहरिया ने बताया कि वह रायसेन में ईंट भट्टों पर काम करने के लिए गए थे वहां से वापिस अपने गांव तालबेट जा रहे थे तभी रात में अचानक लोडिंग वाहन पलट गया। जिस वक्त घटना हुई उसे समय अधिकांश लोग गहरी नींद में थे। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। इसके बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, घायलों को पिकअप में से निकाला। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। 17 घायल मजदूरों में से 14 मजदूरों को प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उच्च उपचार के लिए विदिशा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायल मजदूरों का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। वहीं दो मजदूरों की हालत गंभीर होने पर उन्हें भोपाल रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 407 मे 7 पुरुष, 4 महिला और 8 बच्चे सवार थे। फरियादी हरगोविंद आदिवासी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध भादंवि की धारा 279, 337,304 ए, 184 के तहत मामला दर्ज किया है।



### डीआरएम ने किया रेल्वे स्टेशन का निरीक्षण



**गंजबासौदा।** अमृत भारत योजना अंतर्गत स्थानीय रेल्वे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों का भोपाल डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी द्वारा दल, बल के साथ गुरुवार को रेल्वे स्टेशन पहुंचकर निरीक्षण किया गया। इस दौरान रेल्वे स्टेशन पर निमार्णाधीन कार्यों की बारीकि से जांच की गई। इस दौरान पार्किंग, फुट ओवरब्रिज, रेलवे प्लेटफार्म एक्सटेंशन एवं रेल्वे यात्रियों की सुविधाओं के संबंध में चर्चा की तथा संबंधित ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गऐ।







RERA : P-VDS-23-3976
SHREE BALAJI city
भविष्य सुरक्षित करना है तो बालाजी सिटी के साथ घर में निवेश करो, जो दे आसान किश्तों पर अपना आशियाना।
मैं सोच रहा हूँ, की क्यों न कहीं और निवेश करने के बजाय एक घर खरीद लिया जाये जिससे अपना भविष्य भी सुरक्षित हो जायेगा।
AMENITIES
Commercial Space
Temple
Community Hall
24 X 7 Security
www.socialunicorns.in
3 BHK STARTING FROM 15.75 LAKH EMI - 10,000 RS
3 BHK STARTING FROM 22.50 LAKH EMI - 15,000 RS
Project Approved by SBI
SBI
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें
90% लोन सुविधा उपलब्ध है
✓ सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा ऋण सुविधा उपलब्ध है
✓ कृषकों के लिए भी होम लोन सुविधा
साइट पता : सरस्वती स्कूल के सामने, दुर्गा नगर रोड, विदिशा
ऑफिस पता प्रथम तल, गोपाल काम्प्लेक्स, बैंक ऑफ इंडिया के ऊपर, राजीव नगर विदिशा
CALL US
9993577113
7828609999
Project by
NARESH
BUILD AND HOMES PVT. LTD.













## स्टेडियम में सामूहिक योग कार्यक्रम आज

विदिशा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज सामूहिक योग कार्यक्रमों का आयोजन खेल स्टेडियम परिसर में सुबह 6 बजे से शुरू होगा। जिला शिक्षा अधिकारी आरके ठाकुर ने बताया कि सामूहिक योग कार्यक्रम में जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ-साथ युवाजनों को शामिल होने का आमंत्रण दिया गया है।

**हरिभूमि परिवार की ओर से सभी जिलेवासियों व पाठकों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**













